संख्या-41/2018/130/35-3-2018-1(35)/2017

प्रेषक,

राम नरायन सिंह यादव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेंवा में

जिलाधिकारी,
बहराइच ।

नियोजन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 02 फरवरी,2018

विषय: वित्तीय वर्ष 2017-18 में बार्डर एरिया डेवलपमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण सड़क निर्माण कार्यो की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह की कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017-18 में जनपद-बहराइच की सड़क निर्माण की निम्नलिखित परियोजनाओं हेतु रू. 488.62 लाख (रू. चार करोड़ अटठासी लाख बासठ हजार मात्र) की लागत सहित प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान करते हुये उनके लिये केन्द्रांश के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप मे रू. 293.17 लाख (रू.दो करोड़ तिरानवों लाख सत्तरह हजार मात्र) की धनराशि निम्न शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर व्यय हेतु रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है । कार्य की कार्यदायी संस्था-लोक निर्माण विभाग, वन विभाग एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग होगी ।

(धनराशि लाख रू. मे)

विकासखंड का नाम	क्रम सं०	परियोजना का नाम	प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन	केन्द्रांश के सापेक्ष **अवमुक्त की जा रही धनराशि**
1	2	3	4	5
		कार्यदायी संस्था-ग्रामीणअभियंत्रण विभाग		
मिहीपुरवा	1	बी.ओ.पी बरदिया से ग्राम बरदियातक पिचरोड निर्माण ल0 2.246 किमी.	164.29	98.57
मिहीपुरवा	2	बस्थनवा मेमुतहानाले के पास पिचरोड पर1x5 मीस्पान कीआर.सी.सी.पुलिया का निर्माण	41.02	24.61
		कार्यदायीसंस्था-लोक निर्माण विभाग		
मिहीपुरवा	1	मटेहीकलारोड से अशरफ पुरवा होते हुये खमरिया संपर्क का निर्माण कार्य ल.- 1.20 किमी0	67.93	40.76
नवाबगंज	2	गोकुलपुर संपर्क मार्ग के किलोमीटर 3 से साईं गाव संपर्क मार्ग का निर्माण ल0 1.450 किमी0	93.12	55.87

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

		कार्यदायी संस्था- वन विभाग		
मिहीपुरवा	1	सड़क खण्डजा निर्माण एवंराफटा निर्माण ककरहा ग्राम से ककरहा रेस्टहाउस के मध्य वन मार्ग पर बीट ककरहा ल0 2.250 किमी0	**30.79**	18.47
नवाबगंज	2	खडंजा निर्माण चकिया से बक्सी गॉव बॉर्डर चौकी के मध्य बीट बक्सी गॉव ल.1.00 किमी0	**17.01**	**10.21**
मिहीपुरवा	3	पुलिया निर्माण कक्ष सं.06 तिगड़ा बीट एवं रमपुरा बीट के मध्य ल.8.38किमी0	**19.59**	**11.75**
नवाबगंज	4	पुलिया निर्माण खैरनिया चौराहा से पिलर सं.26 के मध्य खैरनिया बीट प्रथम ल.8.38किमी0	**16.98**	**10.19**
नवाबगंज	5	पुलिया निर्माण खैरनिया चौराहा से पिलर सं.26 के मध्य खैरनिया बीट दितीय ल.8.38किमी0	**16.98**	**10.19**
मिहीपुरवा	6	राफटा निर्माण इकोटूरिज्म रोडकक्ष सं.04 मोतीपुर दक्षिणी ल0 50 मीटर	6.97	**4.18**
मिहीपुरवा	7	राफटा निर्माण इकोटूरिज्म रोडकक्ष सं.04 मोतीपुर दक्षिणी-प्रथम ल0-50 मी.	6.97	**4.18**
मिहीपुरवा	8	राफटा निर्माण इकोटूरिज्म रोडकक्ष सं.04 मोतीपुर दक्षिणी दितीय ल0-50 मी0	6.97	**4.18**
		कुल योग	**488.62**	**293.17**

1- अवमुक्त धनराशि उसी मद पर व्यय की जायेगी जिसके लिये स्वीकृत की गयी है और इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा परियोजना/योजना पर किया जाने वाला व्यय स्वीकृत धनराशि तक ही सीमित रखा जायेगा ।

2- स्वीकृत कार्य को प्रारम्भ करने के लिये अधिकृत कार्यदायी संस्था को शीघ्र कार्य- आदेश निर्गत किया जायेगा, जिसके साथ अनुमोदित आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) की एक प्रति कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी ।

3- कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि **उसी कार्य के लिये पूर्व में किसी अन्य योजनान्तर्गत/स्त्रोत से धनराशि स्वीकृत नही की गई है तथा न ही ये कार्य किसी अन्य कार्यक्रम की कार्य-योजना में सम्मिलित है ।**

4- कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व स्थलीय निरीक्षण उपरान्त विस्तृत आगणन तैयार करते हुये कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। विस्तृत आगणन यदि अनुमोदित मूल आगणन से उल्लेखनीय रूप से भिन्नहोते है, तो कार्य की वास्तविक लागत को शासन स्तर से अनुमोदित कराया जाना अपेक्षित होगा।

5- कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री /उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अन्तर्गत किया जायेगा ।

6- कार्य का निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुये समयबद्व ढंग से पूरा किया जायेगी । इस संदर्भ में अधिकृत थर्ड पार्टी निरीक्षणकर्ता को भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

7- कार्य-स्थल पर इसे बार्डर एरिया डेवलपमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ कार्य के मुख्य विवरण शिलापट्ट/ बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेगें।

8- **द्विरावृत्ति से बचने के लिये कार्य से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के बाद वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी**

9- उक्त परियोजनाओं से सृजित परिसंपत्तियों का अनुरक्षण सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा अपने संसाधनों से एवं आवश्यकतानुसार बार्डर एरिया डेवलपमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत इस प्रयोजनार्थ उपलब्ध धनराशि से कायर्दायी संस्थाओं के सहयोग से किया जायेगा । साथ ही परियोजनाओं के पूर्व होने तथा सृजित परिसंपत्तियों का सम्बन्धित को **हस्तान्तरण का प्रमाण-पत्र जिलाधिकारी द्वारा नियोजन विभाग को प्रस्तुत किया जायेगा ।**

10- अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपयोग समयबद्ध ढंग से एवं विलम्बतम् 31 मार्च, 2018 तक कर लिया जाय। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय कार्य की भौतिक प्रगति के विवरण प्रत्येक माह की 07 तारीख तक नियाजन विभाग को उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके अतिरिक्त कार्य हेतु राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार,उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा। तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात तीन माह में अर्थात दिनांक 30 जून, 2018 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुये व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

11- भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार, जारीकी जा रही धनराशि 15 दिन के अन्दर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराया जाना **सुनिश्चित** किया जायेगा।

12- अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीध्र उपलब्ध करवाया जायेगा।

13- कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक आपत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्श सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

14- वित्त विभाग के शासनादेश संख्या- 8/2017-बी-1-1190/दस-2017-231/2017 दिनांक 03 अगस्त, 2017 एवं शासनादेश संख्या- 12/2017-बी-1-1455/दस-2017-231/2017दिनांक 20 नवम्बर, 2017 में निर्गत निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा ।

उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40 में लेखाशीर्षक-4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूंजीगत परिव्यय-06-बार्डर एरिया डेवलपमेन्ट कार्यक्रम-337- सड़क निर्माण कार्य-03 -सड़को के लिये एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 12/2017/बी-1-1455/दस-2017-231/2017 दिनांक 20 नवम्बर, 2017 में प्रतिनिधिानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(राम नरायन सिंह यादव)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-41/2018/130(1)/ 35-3-2018-1(35)/2017 तद दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन ।

2- अपर मुख्य सचिव,लोक निर्माण विभाग, वन विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 शासन ।

3- मण्डलायुक्त,देवीपाटन मण्डल।

4- महालेखाकार, प्रथम(लेखा एवं हकदारी) इलाहाबाद, उ0प्र0 महालेखाकार, लेखा परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) इलाहाबाद ।

5- निदेशक, सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।

6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन , लखनऊ ।

7- अपर निदेशक, भूमि उपयोग परिषद को इस आशय से कि शासनादेश को विभागीय बेव साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

8- कोषाधिकारी,बहराइच ।

9- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5/लोक निर्माण अनुभाग'-9 /ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग-1 ।

10- उप निदेशक, (अर्थ एवं संख्या) देवीपाटनमण्डल।

11- अर्थ एवं संख्याधिकारी,बहराइच ।

12- राज्य योजना आयोग-।

13 - गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(राम नरायन सिंह यादव)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।